





नवभारत 10
सतना, बुधवार 15 जुलाई, 2026

# अज्ञात बीमारी से विकलांग हो रहे बच्चे, दो की हो चुकी मौत

## मदद मांगने परिवार पहुंचा जनसुनवाई में, 6 बच्चे पीड़ित, पूर्व में मामला उजागर होने पर एम्स में कराई गई थी जांच



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 14 जुलाई, रीवा जिले के मनगवां क्षेत्र में एक ही परिवार के 8 बच्चे अज्ञात बीमारी की मार झेल रहे थे जिसमें से दो बच्चों की मौत हो गई.**

तकरीबन डेढ़ वर्ष पूर्व इस मामले को मीडिया के द्वारा जब उजागर किया गया तो स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इलाज करने का दावा किया था लेकिन आज तक जांच की रिपोर्ट भी नहीं आई. इस परिवार में पैदा होने वाले बच्चे समय के साथ विकलांग हो रहे हैं इसी कारण दो बच्चों की मौत हो चुकी है और 6 लड़कियां अभी जीवित है लेकिन विकलांगता का दंश झेल रही है. मामला उजागर होने के बाद मनगवा विधायक साहित स्थानीय प्रशासन ने इलाज करने का वादा किया सभी बच्चों की जांच के लिए उन्हें एम्स भेजा गया लेकिन आज तक ना तो पूरी रिपोर्ट आई और ना ही किसी तरह से इलाज किया गया. लक्षण के मुताबिक डाक्टरों ने इसे कापर डिस्टोनिया नामक दुर्लभ बीमारी बताया है. जिसका इलाज रीवा में संभव नही है. जिसके लिए दिल्ली एम्स में सभी बच्चों की जांच कराई गई थी. समय बीतने के साथ-साथ जनप्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन उदासीन हो गया. आज एक बार फिर वही परिवार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान सहायता मांगने पहुंचा है जहां अब जीवित बची छह लड़कियों में से पांच विकलांग हो चुकी है. परिवार में इस तरह का संकट आने के बाद ग्राम बांस मनगवां निवासी धनपति महेश साकेत ने कलेक्ट्रेट पहुंचता प्रशासन से फरियाद की है. यदि समय रहते बच्चों को इलाज नहीं मिला तो बाकी बची 6 लड़कियों की जिंदगी भी खतरे में है जिसके लिए उचित इलाज और आर्थिक सहायता की मांग की गई है. प्रशासन और जनप्रतिनिधि भी अब आगे नही आ रहे है. परिवार पूरी तरह से आर्थिक तंगी से भी जूझ रहा है. पीड़ित धनपति साकेत ने बताया कि दो बच्चों की पूर्व में मौत हो चुकी है. शासन-प्रशासन से कोई सहयोग मदद नही मिल रही है.

# खनिज अवैध उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसने कमिश्नर ने दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 14 जुलाई, रीवा संभाग कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वह संभाग के सभी जिलों के एक.एक महाविद्यालय में यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की कक्षाएं तत्काल प्रारंभ कराएं.**



कमिश्नर ने कहा कि यूपीएससी व एमपी पीएससी के विषय से संबंधित पुस्तकों का सेट सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दिया जाएगा. कमिश्नर ने इस संबंध में सभी विषयवार प्राध्यापकों को एमपीपीएससी एवं यूपीएससी के कोर्स पढ़ाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए. कमिश्नर ने संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को निर्देश दिए कि वह बारिश से पूर्व सभी पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें और जिससे उन्हें खुरपका और मुंहपका रोग से बचाया जा सकेए साथ ही जिले में स्थित सभी गौशालाओं का भी रोस्टर के अनुसार निरीक्षण करना सुनिश्चित करें. गौशालाओं में यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरूध तत्काल कार्रवाई करना भी सुनिश्चित करें. कमिश्नर ने खनिज विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वह अपने विभाग के उड़नदस्ता दल को व्यापक रूप से सक्रिय करें और खनिज के अवैध उत्खननए परिवहन एवं भंडारण पर सख्ती से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें. कमिश्नर ने सभी विभाग प्रमुख को आगामी 16 एवं 17 जुलाई को सभी जिला कोषालय में लेखा संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित हो रहे शिविर का लाभ उठाने के निर्देश दिए. कमिश्नर ने बैठक में ऊर्जा विभाग के नए स्थापित सब स्टेशनए 33 केव्ही के पूर्ण हो चुके ट्रांसफार्मर, मत्स्य विभाग के सीड प्रोडक्शन के कार्य की प्रगति, स्कूल शिक्षा विभाग के वॉश एवं क्लीन अभियान के संबंध में जानकारी ली. कमिश्नर ने उद्यानकी सहित अन्य विभागों की समीक्षा की.

### संभाग में 154 जर्जर भवन चिन्हित

कमिश्नर ने संयुक्त संचालक नगरीय विकास को जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनो को डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए. बताया गया कि रीवा संभाग में अब तक 154 जर्जर व क्षतिग्रस्त सार्वजनिक भवन चिन्हित किए गए थे जिनमें 86 भवनो को डिस्मेंटल कर दिया गया है एवं बाकी में संबंधित को नोटिस जारी किए गए हैं. कमिश्नर ने विधायक निधिए सांसद निधि एवं मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि की जानकारी ली. कमिश्नर ने पीआईयू विभाग के अधिकारी को संभाग के सभी निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल ;सांदीपनि स्कूलद्ध को इसी वर्ष पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने आयुष अधिकारी को निर्देश दिए कि वह आयुष आपके द्वार अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के आयुष अस्पतालों के माध्यम से लोगों को घर .घर जाकर स्वास्थ्य के लिए प्रेरित करें.

## संक्षिप्त



### सिद्धार्थ ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**रीवा,** भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से त्योंथर विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर मुलाकात की. इस अवसर पर विधायक ने मुख्यमंत्री से उनके संरक्षण एवं नेतृत्व में त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में सतत् संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की. साथ ही रीवा जिले सहित समूचे विंध्य क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सार्थक संवाद किया. विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के आभार व्यक्त किया तथा त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनसेवा के संकल्प को दोहराया.

### निर्माण कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक आज

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह 15 जुलाई को कमिश्नर कार्यालय सभागार में दोपहर बाद 3.30 बजे से आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे. बैठक में कमिश्नर एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे. बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.

### सामान्य सभा की बैठक 30 को

**रीवा,** भारतीय रेडक्रास समिति रीवा की वार्षिक सामान्य सभा की बैठक 30 जुलाई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर तथा अध्यक्ष जिला रेडक्रास समिति नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी करेंगे. बैठक में वर्ष 2025.26 के वार्षिक प्रतिवेदनए ऑडिट रिपोर्ट तथा वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित बजट पर चर्चा की जाएगी. समिति के सचिव राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सामान्य सभा के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

### नि: शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के निर्देशों के अनुसार रीवा और मऊगंज जिले में निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगायें जायेंगे. शिविरों का आयोजन 15 से 31 जुलाई तक किया जा रहा है. 15 जुलाई को जवा विकासखण्ड के डभौरा तथा 17 जुलाई को सिरमौर विकासखण्ड के रगौली में शिविर लगाया जायेगा. इसी तरह 22 जुलाई को गंगेव विकासखण्ड के लालगांव तथा रीवा विकासखण्ड के भटलो, 24 जुलाई को रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के सगरा तथा 29 जुलाई को जवा विकासखण्ड के पटेहरा एवं सिरमौर विकासखण्ड के पुरवा में शिविर लगाया जायेगा. अंतिम शिविर 31 जुलाई को रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के लक्ष्मणपुर में लगाया जायेगा. मऊगंज जिले में 15 जुलाई को हनुमना ब्लाक के पहाड़ी तथा 17 जुलाई मऊगंज ब्लाक के ढेरा में शिविर लगेगा. इसी तरह 24 जुलाई हनुमना ब्लाक के पिपराही तथा 31 जुलाई को मऊगंज ब्लाक के देवतालाब में शिविर लगाया जायेगा. शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगेंगे.

### जन जागरूकता अभियान आज से

**रीवा,** नशे की बुराईयों से समाज को जागरूक करने के लिए जिले भर में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशामुक्ति जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा. इस संबंध में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग तथा पुलिस विभाग मिलकर जिले भर में जन जागरूकता अभियान चलायेंगे. अभियान के तहत सभी शिक्षण संस्थानों तथा सार्वजनिक स्थलों में नशे के विरूद्ध जन जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. नशामुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान इस संकल्प के साथ जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा. नशामुक्ति के संबंध में राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्प लाइन नंबर 14446 एवं मानस हेल्पलाइन नंबर 1993 से भी जानकारी और सहायता प्राप्त की जा सकती है. अभियान के दौरान नशे के शिकार व्यक्तियों को नशा पुनर्वास केन्द्र तथा परामर्श केन्द्रों के माध्यम से पुनर्वास का अवसर देगा.

### रीवा में रोजगार मेला आज

**रीवा,** युवा संगम कार्यक्रम के तहत महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज आफ टेक्नोलाजी यूनिवर्सिटी रोड रीवा में 15 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक .युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. रोजगार मेले में 21 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में युवक-युवतियां पहुंचकर अपना पंजीयन कराकर लाभ ले सकते है.

# ट्रैक्टरों से बैट्री चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 14 जुलाई, बैकुण्ठपुर पुलिस ने ट्रैक्टर से बैट्री चोरी करने वाले आरोपी को धरदबोचा. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंच पाई.**

फरियादी आशीष गुप्ता निवासी बैकुण्ठपुर तथा दीपक त्रिपाठी निवासी बैकुण्ठपुर द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोनो फरियादी के ट्रैक्टरों से कोई अज्ञात व्यक्ति बैट्री चोरी कर ले गया है. रिपोर्ट पर थाना बैकुण्ठपुर में मामला दर्ज किया गया.

बैकुण्ठपुर कस्बे के आसपास के इलाके में सीसीटीवी फुटेज देखे गये. फुटेज के हुलिये के आधार पर एक व्यक्ति आशीष स्वीपर निवासी बैकुण्ठपुर को चिन्हित कर अभिरक्षा में लिया गया. जिसने पूछताछ पर 02 ट्रैक्टरों से बैट्री चुराना स्वीकार किया. आरोपी के कब्जे से चोरी की 02 बैट्री बरामद कर गिरफ्तार किया गया है.

ट्रैक्टरों की बैट्री चोरी होने से स्थानीय लोग परेशान थे लेकिन सीसीटीवी कैमरे ने आरोपी को पुलिस के जाल में फसा दिया.

# जनपद अध्यक्ष ने बनवाई 300 मीटर की सड़क, 30 परिवारों को राहत

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 14 जुलाई, जनपद पंचायत गंगेव अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनौती में वर्षों से रास्ते के अभाव में परेशान करीब 30 परिवारों के लिए जनपद पंचायत अध्यक्ष विकास तिवारी की पहल राहत लेकर आई है. बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव के कारण ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाता था. स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था.**



ग्रामीणों की इस लंबे समय से चली आ रही समस्या को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष विकास तिवारी ने जनभागीदारी एवं अपने निजी सहयोग से लगभग 300 मीटर लंबी और 20 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण कराया. इस कार्य में जनपद पंचायत निधि, ग्राम पंचायत निधि, विधायक निधि, सांसद निधि अथवा किसी अन्य शासकीय योजना या सरकारी मद की राशि का उपयोग नहीं किया गया. स्थानीय नागरिकों के सहयोग और अध्यक्ष की पहल से सड़क का निर्माण पूरा कराया गया. सड़क बनने से अब लगभग 30 परिवारों के घर मुख्य मार्ग से सीधे जुड़ गए हैं. वर्षों से आवागमन की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को अब बरसात में भी आसानी से आने-जाने की सुविधा मिलेगी. सड़क निर्माण से क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ-साथ आसपास के नागरिकों को भी सीधा लाभ मिल रहा है. ग्रामीणों ने अध्यक्ष विकास तिवारी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए बिना किसी सरकारी निधि का इंतजार किए सड़क का निर्माण कराना जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है. उनका कहना है कि यह सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि एक बड़ी समस्या का स्थायी समाधान है.

# पैसे को लेकर युवक से जमकर मारपीट

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 14 जुलाई, रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुढ़वा में दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक के साथ बीती रात्रि मारपीट कर दी गई.**

घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 ने युवक को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है पुलिस मामले की जांच कर रही है. घटना के संबंध में घायल पंकज पटेल निवासी ग्राम बुढ़वा ने जानकारी देते हुए बताया कि वह बीती रात्रि गांव के ही अशोक पटेल की दुकान गया हुआ था. पंकज ने बताया कि अशोक ने पूर्व से उसका पैसा ले रखा था उसी पैसा के बदले में वह दुकान में सामान लेने गया था इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी हुई जिसके बाद अशोक पटेल ने पंकज को दुकान के अंदर बंद कर लिया और जमकर उसके साथ लाठी डंडे से मारपीट की.

घटना की सूचना पर पंकज के परिजन दिवाकर मौके पर पहुंचे लेकिन दरवाजा अंदर से बंद होने के बाद घटना की सूचना तत्काल डायल 112 को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस की डायल 112 ने दरवाजा को खुलवाया और पंकज को घायल अवस्था में उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भेज दिया जबकि आरोपी मौके से भाग निकला है फिलहाल पंकज पटेल का उपचार संजय गांधी अस्पताल में कराया जा रहा है. पुलिस जांच कर रही है.

# भावना मरावी होगीं रीवा की एएसपी

**रीवा, 14 जुलाई,** शासन द्वारा दर्जन भर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों की पदस्थापना की गई है. रीवा में हेमंत चौहान की पदस्थापना पहले की गई थी. जिनका स्थानान्तरण पीटीएस इंदौर के लिये कर दिया गया है और अब रीवा की नई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना मरावी होगीं. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर में पदस्थ थीं. जिनका स्थानान्तरण रीवा के लिये किया गया है. वर्ष 2014 बैच की भावना जल्द ही रीवा पहुंचकर पदभार ग्रहण करेगी.

# ठेला हटाने तक सीमित रहा नगर निगम का अतिक्रमण अभियान

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 14 जुलाई, शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान केवल ठेला तक सीमित रह गया है. सड़क के किनारे सार्वजनिक स्थानों पर लगने वाले ठेलों को हटाने के साथ चालान की कार्यवाही की गई. जबकि बड़े अस्थाई अतिक्रमण को नही हटाया जा रहा है.**



गंगा वाटिका के सामने सड़क किनारे लगाए गए ठेले हटवाए गए. संबंधित ठेला संचालकों को भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करने तथा निर्धारित स्थानों पर ही व्यवसाय संचालित करने की समझाइश दी गई. इसी क्रम में रतहरा कंपोजिट दुकान के सामने से रतहरा रिंग रोड तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए गए. क्षेत्र में अवैध रूप से लगाए गए ठेलों को हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया. इसके साथ ही रतहरा शिवाजी पार्क रिंग रोड तिराहे पर रोड पटरी पर लगाए गए सब्जी एवं अन्य ठेलों को भी हटाया गया एवं रुपए 1500 की चलानी कार्रवाई की गई. इसके अतिरिक्त अस्पताल चैक से धोबिया टंकी तक ठेले एवं गुमटी का अतिक्रमण हटाया गया. वार्ड क्रमांक 15 आरआईटी कॉलेज के पीछे सड़क पटरी पर मिट्टी डालकर बनाए गए अवैध रैंप को हटाकर सड़क की मूल स्थिति बहाल कराई गई.

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान का आज से होगा आगाज

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 14 जुलाई, मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में नशा मुक्ति एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान का शुभारंभ किया गया.**




यह राज्यव्यापी अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा. शुभारंभ अवसर पर पुलिस कंट्रोल रूम रीवा में पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह ने मुख्यमंत्री की वर्चुअल बैठक में सहभागिता की. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने, स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में सहयोग देने और युवाओं को नशे से बचाने के लिए जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया. पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ. गुरकरन सिंह ने कहा कि रीवा पुलिस अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी. जिले के सभी थाना क्षेत्रों में आमजन, विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा. साथ ही नशा उन्मूलन के लिए व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाएगी. रीवा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें. बैठक में एएसपी संदीप मिश्रा मौजूद रहे.

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 14 जुलाई, सगरा थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफतार किया है. मामले की शिकायत एक दिन पूर्व ही फरियादिया ने सगरा थाने पहुंचकर दर्ज कराई थी.**

पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर ना सिर्फ गंभीरता दिखाई बल्कि त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को भी गिरफतार कर लिया. सगरा थाना प्रभारी दीपक तिवारी नें जानकारी देते हुये बताया कि एक दिन पूर्व फरियादिया नें थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी विजय साकेत निवासी नवागांव नें उसके साथ जबरन गलत काम किया है. फरियादिया की शिकायत को गंभीरता से लेते हुये महिला पुलिस की मदद से उसके बयान दर्ज कराए गये और मेडिकल परीक्षण उपरांत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को कुछ ही घंटों के भीतर गिरफतार कर लिया. फिलहाल आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म का अपराध दर्ज कर कार्यवाही की गई है. जिसे न्यायालय में पेश किया गया.

### जनसुनवाई में पहुंचे 548 आवेदन

**रीवा, 14 जुलाई,** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर तथा अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने आमजनता के 548 आवेदन पत्रों में सुनवाई की. सीईओ ने सभी अधिकारियों को आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण करके प्रतिवेदन ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिये.

# अमहिया मार्ग में बन रही नाली की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 14 जुलाई, सिरमौर चौराहे से लेकर अस्पताल चौराहे तक अमहिया मार्ग का चौड़ीकरण के लिये अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई और अब नाली निर्माण का काम चल रहा है.**



ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है जिसको लेकर सवाल उठ रहे है. गौरतलब है कि नगर निगम एवं प्रशासन ने सख्ती के साथ अमहिया मार्ग का अतिक्रमण हटाया ताकि सड़क का चौड़ीकरण किया जा सके. कई परिवारों की रोजी रोटी प्रभावित हुई है. शांति कांस्ट्रेक्शन द्वारा नाली का निर्माण किया जा रहा है जिसमें पतली सरिया और डस्ट का उपयोग हो रहा है. गुणवत्ता की अनदेखी ठेकेदार द्वारा की जा रही है कभी भी नाली टूट सकती है. पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी ठेकेदार के काम को लेकर मूकदर्शक बने हुए है.

**कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने उठाए सवाल**-पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने नाली निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी और घटिया निर्माण कार्य किये जाने का आरोप लगाया है और कहा कि डस्ट का उपयोग किया जा रहा है. कभी भी नाली धस सकती है.